राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## रक्षाबंधन पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 8 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रक्षाबंधन पर्व (9 अगस्त) की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई—बहन के प्यार, स्नेह, कर्तव्य और दायित्वबोध का प्रतीक है।

————

## संस्कृत दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 8 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने संस्कृत दिवस (9 अगस्त) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बागडे ने कहा कि संस्कृत भाषा नही है बल्कि हमारे देश की गौरवमयी संस्कृति है। इस भाषा के श्लोक में दर्शन ज्ञान के साथ—साथ विज्ञान का भी अपूर्व भंडार है। श्री बागडे ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और इसके प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

———

## विश्व आदिवासी दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 8 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति से निकट से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने और उनकी प्रकृति संरक्षण परंपराओं का संरक्षण करते हुए उनकी उन्नति के लिए मिलकर कार्य किए जाने का आह्वान किया है।

————